कक्षा - V

मध्यावधि परीक्षा - (2023-24)

नाम - **दिनाँक-25.09.23**

अनुक्रमांक - **कुल अंक -80**

समय अवधि - 3घंटे **विषय- हिन्दी**

भाग - क

क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(5)**

गाँधी जी का जन्म 2 अक्तूबर , 1869 को पोरबंदर-गुजरात में हुआ था । उनके पिता श्री करमचंद गाँधी राजकोट रियासत में दीवान थे। गाँधी जी पर उनकी माता जी के धार्मिक विचारों का प्रभाव पड़ा। गाँधी जी बचपन से ही सत्यवादी थे। गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आंदोलन कर के लोगों को न्याय दिलवाया, लोगों को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। इनके आंदोलनो में लाखों भारतवासी जेल गए । सन 1942 में गाँधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन' चलाया। देश को आज़ाद करवाने के लिए लड़ाई लड़ी । इसलिए उन्हें राष्ट्र पिता तथा बापू कहा जाता है ।

1 गाँधी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

2 गाँधी के पिता कहाँ के दीवान थे ?

3 गाँधी जी को और किन नामों से जाना जाता है ?

4 'आ' उपसर्ग वाला एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

5 सदैव सत्य बोलने वाला वाक्यांश के लिए एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

ख वाक्यांशों के लिया एक शब्द लिखें - (6)

6 जो कठिनाई से प्राप्त हो -

7 जानने की इच्छा रखने वाला -

8 जो साथ पढ़ता हो -

9 जो प्रशंसा के योग्य हो -

10 जो दूर की सोचे -

11 जिसका अंत न हो -

ग उचित क्रियाविशेषण शब्द भरें - **(5)**

12 मल्लिका _____ घूम रही थी।

13 माधव _____ खाओ ।

14 दुकान _____ खुलेगी ।

15 _____ जाकर सो जाओ ।

16 दादा जी _____ सैर करते हैं ।

घ रिक्त स्थानों में संबंधबोधक शब्द लिखें - **(6)**

17 मेरे घर _____ एक बरगद का पेड़ है ।

18 पेड़ _____ बैलगाड़ी खड़ी है ।

19 अलमारी _____ कपड़े रखे हैं ।

20 बड़ों _____ छोटों को नहीं बोलना चाहिए ।

21 चोर झाडियों _____ छिपा है।

22 मेज़ _____ बिल्ली बैठी है ।

ङ विशेषण शब्द रेखांकित करें और उनके भेद लिखें - **(4)**

23 आकाश में काली घटा घिर आई है । _____

24 रमन ने पाँच मीटर कपड़ा खरीदा । _____

25 यह जूता फट गया है । _____

26 बुआ जी ने प्रथम को तीन चॉकलेट दीं । _____

च उपसर्ग लगाकर दो-दो नए शब्द बनाकर लिखें - **(6)**

27. प्र 28. भर 29. अ

छ निम्न शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करते हुए उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट करें - **(4)**

30 बस -

31 बस -

32 हल -

33 हल -

ज मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ - **(3)**

34. आँखें बिछाना 35. दाँत खट्टे करना

भाग - ख

झ सही विकल्प चुन कर लिखें - **(5)**

36 लहरें कैसे स्वर में गाती हैं ?

i) ऊँचे स्वर ii) मधुर स्वर iii) धीर-धीरे

37 केरल की राजधानी कौन-सी है ?

i) तिरुअनंतपुरम ii) तेलंगाना iii) त्रिपुरा

38 कलाकार के बेटे का क्या नाम था ?

i) स्पर्श ii) हर्षुल iii) हर्ष

39 वल्लिका की बहन का क्या नाम है ?

i) पूर्वी ii) पुंथली iii) पूर्णा

40 'लहरों का गीत' कविता में बालिका किससे बातें कर रही है ?

i) माँ से ii) चंदा से iii) समुद्र से

ञ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(4)**

" फसल की कटाई के बाद यह त्योहार श्रावण मास के श्रावण नक्षत्र के दिन मनाया जाता है । वल्लिका बड़ी उत्सुकता से इसका इंतज़ार करती है ।"

41 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

42 किस त्योहार की बात हो रही है ?

43 त्योहार कब मनाया जाता है ?

44 कौन त्योहार का इंतज़ार करता है ?

ट पदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(3)**

मैं देख रही थी अभी-अभी ,
यह भी मुझ जैसी मचल रहीं ।
क्या जाने अब क्या मिला इन्हें ,
भर-भर उमंग में उछल रहीं ।
तट से आ-आकर हँस-हँसकर
अपनी बातें कह जाती हैं ।
माँ ! ये लहरें भी गातीं हैं ।

45 यह पदयांश किस कविता में से लिया गया है ?

46 कौन मचल रहा है ?

47 'मुझ' शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

ठ निम्न शब्दों के अर्थ लिखें - **(5)**

48. भाना 49. क्रुद्ध 50. उमंग 51. आयोजित 52. प्रतियोगिता

ड सही वर्तनी (Spellings) चुन कर लिखें - **(3)**

53 निशचित निश्चित निसचित

54 प्रीतिभोज प्रितिभोज प्रीतीभोज

55 शशी षशी शशि

ढ रिक्त स्थान भरें - **(2)**

56 आम के पत्तों से _____ बनाया जाता है ।

57 सुरजीत सिंह ने उस स्थान की सफ़ाई करने में हमारी _____ की ।

ण संज्ञा से विशेषण बनाकर लिखें - **(2)**

58. मंगल 59. स्वाद

त एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखें - **(1)**

60. पथ 61. हृदय

थ अति लघु प्रश्न - **(1x3=3)**

62 'लहरों का गीत' कविता के कवि का नाम क्या है ?

63 मंजरी कौन थी ?

64 वल्लिका के परिवार का मुख्य भोजन क्या है ?

द लघु प्रश्न - **(2x2=4)**

65 मंजरी को कनक अच्छी क्यों नहीं लगती थी ?

66 'त्रिचूरपूरम उत्सव' की मुख्य विशेषता क्या है ?

ध मूल्यपरक प्रश्न - **(3)**

67 वल्लिका के गाँव के आसपास का प्राकृतिक वातावरण कैसा है ?

न संकेतों के आधार पर 'मेले का दृश्य' अनुच्छेद लिखें **(6)**

पिछले रविवार - मेले में जाना - सुंदर सजावट - विभिन्न स्टॉल - झूले - खरीददारी - खाना-पीना - संध्या होना - वापिस लौटना - यादगार दिन

कक्षा - V

मध्यावधि परीक्षा - (2023-24)

नाम - **उत्तर-कुंजी** **दिनाँक-25.09.23**

अनुक्रमांक - **कुल अंक -80**

समय अवधि - 3घंटे **विषय- हिन्दी**

भाग - क

क गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(5)**

गाँधी जी का जन्म 2 अक्तूबर , 1869 को पोरबंदर-गुजरात में हुआ था । उनके पिता श्री करमचंद गाँधी राजकोट रियासत में दीवान थे। गाँधी जी पर उनकी माता जी के धार्मिक विचारों का प्रभाव पड़ा। गाँधी जी बचपन से ही सत्यवादी थे। गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आंदोलन कर के लोगों को न्याय दिलवाया, लोगों को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। इनके आंदोलनो में लाखों भारतवासी जेल गए । सन 1942 में गाँधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन' चलाया। देश को आज़ाद करवाने के लिए लड़ाई लड़ी । इसलिए उन्हें राष्ट्र-पिता तथा बापू कहा जाता है ।

1 गाँधी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

उ- गाँधी जी का जन्म 2 अक्तूबर,1869 को पोरबंदर,गुजरात में हुआ था ।

2 गाँधी के पिता कहाँ के दीवान थे ?

उ- गाँधी जी के पिता राजकोट रियासत के दीवान थे ।

3 गाँधी जी को और किन नामों से जाना जाता है ?

उ- गाँधी जी को राष्ट्र-पिता और बापू नामों से भी जाना जाता है ।

4 'आ' उपसर्ग वाला एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

उ- आज़ाद ।

5 सदैव सत्य बोलने वाला वाक्यांश के लिए एक शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

उ- सत्यवादी ।

ख वाक्यांशों के लिया एक शब्द लिखें - **(6)**

6 जो कठिनाई से प्राप्त हो - **दुर्लभ**

7 जानने की इच्छा रखने वाला - **जिज्ञासु**

8 जो साथ पढ़ता हो - **सहपाठी**

9 जो प्रशंसा के योग्य हो - **प्रशंसनीय**

10 जो दूर की सोचे - **दूरदर्शी**

11 जिसका अंत न हो - **अनंत**

ग उचित क्रियाविशेषण शब्द भरें - **(5)**

12 मल्लिका **धीरे-धीरे** घूम रही थी।

13 माधव **कम,थोड़ा,धीरे** खाओ ।

14 दुकान **कल,परसों,आज** खुलेगी ।

15 **उधर,ऊपर,आगे** जाकर सो जाओ ।

16 दादा जी **प्रतिदिन,रोज़ाना** सैर करते हैं ।

घ रिक्त स्थानों में संबंधबोधक शब्द लिखें - **(6)**

17 मेरे घर **के आगे,के पीछे** एक बरगद का पेड़ है ।

18 पेड़ **के नीचे** बैलगाड़ी खड़ी है ।

19 अलमारी **के अंदर** कपड़े रखे हैं ।

20 बड़ों **के आगे** छोटों को नहीं बोलना चाहिए ।

21 चोर झाडियों **के पीछे** छिपा है।

22 मेज़ **के ऊपर** बिल्ली बैठी है ।

ङ विशेषण शब्द रेखांकित करें और उनके भेद लिखें - **(4)**

23 आकाश में **काली** घटा घिर आई है । **गुणवाचक विशेषण**

24 रमन ने **पाँच मीटर** कपड़ा खरीदा । **परिमाणवाचक विशेषण**

25 **यह** जूता फट गया है । **सार्वनामिक विशेषण**

26 बुआ जी ने प्रथम को **तीन** चॉकलेट दीं । **संख्यावाचक विशेषण**

च उपसर्ग लगाकर दो-दो नए शब्द बनाकर लिखें - **(6)**

27. प्र- **प्रदेश,प्रताप,प्रयोग** 28. भर- **भरपेट,भरसक,भरमार** 29. अ-**अज्ञान,असत्य,अभाव**

छ निम्न शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करते हुए उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट करें - **(4)**

30 बस - **बस, अब रोना बंद करो ।**

31 बस - **विनीता बस से स्कूल जाती है ।**

32 हल - **इस समस्या का कोई हल नज़र नहीं आता ।**

33 हल - **किसान खेत में हल चला रहा है ।**

ज मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ - **(3)**

34. आँखें बिछाना- **(आदर-सत्कार करना)- गुरु जी के सम्मान में समस्त परिवार ने आँखें बिछा दीं।**

35 दाँत खट्टे करना-**(बुरी तरह हराना)- रानी लक्ष्मीबाई ने युद्ध में अंग्रेज़ों के दाँत खट्टे कर दिये ।**

भाग - ख

झ सही विकल्प चुन कर लिखें - **(5)**

36 लहरें कैसे स्वर में गाती हैं ?

i) ऊँचे स्वर ✓**ii) मधुर स्वर** iii) धीर-धीरे

37 केरल की राजधानी कौन-सी है ?

✓**i) तिरुअनंतपुरम** ii) तेलंगाना iii) त्रिपुरा

38 कलाकार के बेटे का क्या नाम था ?

i) स्पर्श ii) हर्षुल ✓**iii) हर्ष**

39 वल्लिका की बहन का क्या नाम है ?

i) पूर्वी ✓**ii) पुंथली** iii) पूर्णा

40 'लहरों का गीत' कविता में बालिका किससे बातें कर रही है ?

✓**i) माँ से** ii) चंदा से iii) समुद्र से

ञ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(4)**

" फसल की कटाई के बाद यह त्योहार श्रावण मास के श्रावण नक्षत्र दिन मनाया जाता है । वल्लिका बड़ी उत्सुकता से इसका इंतज़ार करती है ।"

41 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

उ- यह उद्धरण 'वल्लिका' पाठ में से लिया गया है ।

42 किस त्योहार की बात हो रही है ?

उ- 'ओणम' त्योहार की बात हो रही है ।

43 त्योहार कब मनाया जाता है ?

उ- त्योहार श्रावण मास के श्रावण नक्षत्र के दिन मनाया जाता है ।

44 कौन त्योहार का इंतज़ार करता है ?

उ- वल्लिका त्योहार का इंतज़ार करती है ।

ट पदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें - **(3)**

मैं देख रही थी अभी-अभी ,
यह भी मुझ जैसी मचल रहीं ।
क्या जाने अब क्या मिला इन्हें ,
भर-भर उमंग में उछल रहीं ।
तट से आ-आकर हँस-हँसकर
अपनी बातें कह जाती हैं ।
माँ ! ये लहरें भी गातीं हैं ।

45 यह पदयांश किस कविता में से लिया गया है ?

उ- यह पदयांश 'लहरों का गीत' पाठ में से लिया गया है ।

46 कौन मचल रहा है ?

उ- लहरें मचल रहीं हैं ।

47 'मुझ' शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

उ- 'मुझ' शब्द बालिका के लिए प्रयोग हुआ है ।

ठ निम्न शब्दों के अर्थ लिखें - **(5)**

48. भाना-**अच्छा लगना** 49. क्रुद्ध-**नाराज़** 50. उमंग -**मन की खुशी** 51. आयोजित-**तैयारी करना**

52. प्रतियोगिता-**मुकाबला**

ड सही वर्तनी (Spellings) चुन कर लिखें - **(3)**

53 निशचित **निश्चित** निसचित

54 **प्रीतिभोज** प्रितिभोज प्रीतीभोज

55 शशी षशी **शशि**

ढ रिक्त स्थान भरें - **(2)**

56 आम के पत्तों से **तोरण** बनाया जाता है ।

57 सुरजीत सिंह ने उस स्थान की सफ़ाई करने में हमारी **सहायता** की ।

ण संज्ञा से विशेषण बनाकर लिखें - **(2)**

58. मंगल-**मांगलिक** 59. स्वाद- **स्वादिष्ट**

त एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखें - **(1)**

60. पथ-**रास्ता,राह,मार्ग** 61. हृदय-**उर,दिल,हिय**

थ अति लघु प्रश्न - **(1x3=3)**

62 'लहरों का गीत' कविता के कवि का नाम क्या है ?

उ- 'लहरों का गीत' कविता के कवि का नाम 'द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी' है ।

63 मंजरी कौन थी ?

उ- मंजरी कलाकार के मित्र की बेटी थी ।

64 वल्लिका के परिवार का मुख्य भोजन क्या है ?

उ- चावल,मछली और साग-सब्ज़ी वल्लिका के परिवार का मुख्य भोजन है।

द लघु प्रश्न - **(2x2=4)**

65 मंजरी को कनक अच्छी क्यों नहीं लगती थी ?

उ- कनक एक गरीब लड़की थी । वह रंग-रूप से सुंदर नहीं थी । हर्ष के साथ उसकी मित्रता मंजरी को बिलकुल नहीं भाती थी। कनक भी हर्ष की तरह समुद्र की लहरों पर बेखौफ़ तैरती थी। इन्हीं कारणों से मंजरी को कनक अच्छी नहीं लगती थी ।

66 'त्रिचूरपूरम उत्सव' की मुख्य विशेषता क्या है ?

उ- 'त्रिचूरपूरम उत्सव' की मुख्य विशेषता और आकर्षण सजे हुए हाथी होते हैं । इसके इलावा छाता प्रतियोगिता और शानदार आतिशबाज़ी भी आकर्षण का केंद्र होते है ।

ध मूल्यपरक प्रश्न - (3)

67 वल्लिका के गाँव के आसपास का प्राकृतिक वातावरण कैसा है ?

उ- वल्लिका के गाँव के चारों ओर हरियाली फैली है । गाँव से कोझिकोड जाने वाली सड़क के दोनों ओर रबर,चाय और इलायची आदि के बागान हैं । पूरा प्रदेश हरे-भरे खेतों और नारियल के वृक्षों से भरा हुआ है । गाँव में वर्षा भी खूब होती है और गर्मी भी बहुत पड़ती है ।

न संकेतों के आधार पर 'मेले का दृश्य' अनुच्छेद लिखें (6)

पिछले रविवार - मेले में जाना - सुंदर सजावट - विभिन्न स्टॉल - झूले - खरीददारी - खाना-पीना - संध्या होना - वापिस लौटना - यादगार दिन

नोट - विद्यार्थीगण स्वयं करेंगे ।